भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. †*17

सोमवार, 18 जुलाई, 2022/27 आषाढ़, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्मारक मित्रों का कार्यनिष्पादन

†*17. श्री विष्णु दत्त शर्माः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास 'एडॉप्ट ए हेरिटेज' स्कीम के अंतर्गत स्मारक मित्रों के कार्यनिष्पादन की समीक्षा अथवा संपरीक्षा करने हेतु कोई तंत्र विद्यमान है;

(ख) यदि हां, तो मध्य प्रदेश के खजुराहो स्मारक समूह तथा महाराजा छत्रसाल संग्रहालय के संबंध में की गई ऐसी समीक्षाओं के निष्कर्ष का ब्यौरा क्या है; और

(ग) मध्य प्रदेश में उक्त योजना के अंतर्गत गोद लिए गए समस्त स्मारकों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

स्मारक मित्रों का कार्यनिष्पादन के संबंध में दिनांक 18.07.2022 के लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*17 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क) : ''एक विरासत को अपनाएं : अपनी धरोहर, अपनी पहचान'' परियोजना सेवोन्मुख है और इसलिए स्मारक मित्र द्वारा साइट पर मूलभूत और आधुनिक सेवाओं की पूर्णता सुनिश्चित करने पर निगरानी केंद्रित है । संचालन समितियां निर्दिष्ट अधिकारियों और परियोजना प्रबंधन कंसल्टेंट (पीएमसी) के माध्यम से स्मारक मित्रों के चयन और छंटनी करने, उनके प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान करने और नियमित अंतराल पर परियोजना प्रक्रिया की निगरानी करने के लिए परियोजना की शुरूआत से लेकर प्रचालन एवं रख-रखाव की 5 वर्ष की पूरी अवधि में परियोजना की आवधिक रूप से निगरानी करती है और कार्यान्वयन में सुधार सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों के अनुसार इस परियोजना के तहत निम्नलिखित प्रबंधन संरचना प्रदान की गई है :-

(i) निरीक्षण एवं विजन समिति (ओ एंड वी) - सचिव (पर्यटन) तथा सचिव (संस्कृति) की अध्यक्षता में
(ii) कार्यान्वयन समिति - महानिदेशक (पर्यटन) और महानिदेशक (एएसआई) की अध्यक्षता में
(iii) स्मारक समिति - संयुक्त महानिदेशक (पर्यटन), निदेशक (संस्कृति) और निदेशक (स्मारक) की सह-अध्यक्षता में

स्मारक मित्रों द्वारा अपनी-अपनी साइट पर किए गए कार्य की मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करके समझौता ज्ञापन के सभी पक्षकारों को प्रस्तुत करना भी अपेक्षित है ताकि प्रगति का रिकॉर्ड रखा जा सके ।

(ख) और (ग): इस परियोजना के तहत खजुराहो स्मारक समूह, मध्य प्रदेश सहित भारत में 8 प्रतिष्ठित स्थलों (एएसआई स्मारकों) के लिए बहु-भाषी ऑडियो गाइड के विकास के लिए मै. बर्ड हेरिटेज फाउंडेशन के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं । ''ऑडियो ऑडिगोज़'' के ब्रांड नाम के अंतर्गत यह बहु-भाषी ऑडियो गाइड ऐप पर्यटकों के लिए एंड्रॉयड तथा आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है । यह एप्लीकेशन हिंदी, अंग्रेजी और जापानी तथा कोरियाई जैसी अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में उपलब्ध है । इसका प्रयोग ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों मोड में किया जा सकता है ।

जहां तक मध्य प्रदेश के महाराजा छत्रसाल संग्रहालय का संबंध है, यह सूचित किया जाता है कि एक विरासत को अपनाएं परियोजना के तहत मध्य प्रदेश के महाराजा छत्रसाल संग्रहालय में सुविधाओं के विकास, उन्नयन और रखरखाव के लिए अभी तक किसी भी एमओयू पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं ।

*****